हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 21 मई 2025



# खबर का असर: अब 0.50% सूखत मान्य, उठाव में दिक्कत दूर करने समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अतिशेष धान की नीलामी के बाद उठाव में आ रही दिक्कतों को लेकर खबर प्रकाशित किए जाने के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है। सूखत से एंट्री में हो रही परेशानी को दूर करने के लिए अब हर स्टेक में 0.50 फीसदी तक सूखत मान्य कर दिया गया है। इससे अब उठाव कर रहे मिलर्स की सॉफ्टवेयर में एंट्री हो पाएगी। वहीं अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए पांच सदस्यीय टीम का भी गठन कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि अतिशेष धान का उठाव करने पहुंच रहे मिलर्स को कई तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा था। सॉफ्टवेयर के अनुसार हर बोरे में 40 किलो के अनुसार एंट्री होनी है, परन्तु पिछले चार महीने से डंप पड़े रहने के चलते हर बोरी में किलोभर तक सूखत आ गया है। ऐसे में बराबर वजन तौल करने पर नहीं आ रहा है। जिसके चलते एंट्री नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई दिशा-निर्देश भी शासन स्तर से जारी नहीं हुए थे। जिसके चलते दिक्कतें और बढ़ गई थी। हालांकि अब शासन ने सभी जिलों को निर्देशित करते समस्या का समाधान करने कहा है। जिसके तहत ही 0.50 फीसदी सूखत मान्य किया गया है। औसतन देखा जाए तो जहां प्रत्येक स्टेक की 3000 बोरी में 40 किलो वजन के औसत से 1200 क्विंटल धान होना चाहिए, सूखत की वजह से वजन 50 से 80 किलो तक कम आ रहा है। ऐसे में क्रेता को जारी धान का ट्रक पंजीयन नहीं हो पा रहा था। क्रेता एवं मिलर्स को जारी धान के तौल बाद वजन का प्रविष्टि नहीं हो पा रहा था।

## सूखत के चलते नहीं हो पा रही थी सॉफ्टवेयर में एंट्री, अतिशेष धान का उठाव था प्रभावित

### दो जिलों में इतना धान

राजनांदगांव जिले में कुल छह संग्रहण केंद्र है। जिनमें कुल 16 लाख क्विंटल धान रखा हुआ है। संग्रहण केंद्रवार आंकड़े देखे तो सिंघोला में 315529.84 क्विंटल, सेवताटोला में 462973.95 क्विंटल, बीजाभाठा में 527289.35 क्विंटल, कलकसा में 343438.25 क्विंटल, घुमका (पटेवा) में 95840.92 क्विंटल धान है। ऐसे ही केसीजी जिले के चार धान संग्रहण केंद्रों में कुल 1675664.29 क्विंटल धान के स्टाक का भंडारण किया गया है। जिनमें घोटिया में 822379.01 क्विंटल, ठेलकाडीह में 289733.42 क्विंटल, भोथी में 278376.66 क्विंटल और मदुराकुही में 285175. 20 क्विंटल धान शामिल है।


मिलर्स के साथ ही संग्रहण केंद्र प्रभारी भी परेशान, समाधान की मांग
उठाव में सूखत बनी समस्या, हर बोरे में किलोभर धान की कमी से एंट्री अटकी
गेट पास नहीं मिल रहा, मिलर्स नाराज

### इस तरह की समस्याएं

एंट्री में आ रही दिक्कतों के चलते दोनों जिलों के संग्रहण केंद्रों से सैकड़ों ट्रक धान बिना किसी रिकॉर्ड के ही उठा लिया गया था। जबकि राईस मिलर्स के ट्रक संग्रहण केंद्र में पहुंचने पर ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के जरिये गेट पास स्कैन नहीं होने एवं डाटा दर्ज नहीं होने के चलते उन्हें संग्रहण केंद्रों से वापस लौटाया गया। जिससे मिलर्स में भी नाराजगी देखने को मिल रही थी। हालांकि अब इस समस्या का भी निराकरण हो पाएगा।

**तकनीकी समस्या होगी दूर :** दोनों ही जिलों के संग्रहण केंद्रों में डंप पड़े धान को मार्कफेड रायपुर द्वारा ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के तहत मिलर्स को आवंटित किया गया। अलॉटेड रैक के अनुसार मिलर्स के माध्यम से धान उठाव किया जाना है। इसके लिए क्रेता एवं मिलर्स को डिलीवरी आर्डर भी जारी किया गया है, किन्तु संग्रहण केंद्र प्रभारी कर्मचारी एवं ऑपरेटर के प्रशिक्षण के अभाव एवं संग्रहण केंद्रों के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में त्रुटि के चलते क्रेता एवं मिलर्स को दिए गए धान का रिकॉर्ड ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर दर्ज नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के ही निराकरण के लिए 0.50 फीसदी सूखत मान्य किया गया है।

### समिति में रहेंगे यह अफसर

खैरागढ़ जिले के लिए जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिशेष धान के उठाव में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है। इनमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाए, जिला विपणन अधिकारी के साथ ही नागरिक आपूर्ति निगम का जिला प्रबंधक को शामिल किया गया है।

---

## 50 हजार दिए नगद, 15 लाख रुपए का चेक देने पर राजी

# मजदूर की मौत पर सोमनी में मचा बवाल, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से हुए मजदूर की मौत के मामले में उचित मुआवजा देने की मांग पर जमकर प्रदर्शन हुआ। चक्काजाम करने का भी प्रयास ग्रामीणों द्वारा किया गया, जिस पर संबंधित फर्म द्वारा उचित मुआवजा प्रदान करने की बात कही गई, जिस पर प्रदर्शन शांत हुआ।

ज्ञात हो कि सोमनी क्षेत्र के ग्राम फुलझर स्थित न्यू लूक बायो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में चल रहे कार्य में काम करने के लिए सोमवार को ग्राम पटेवा निवासी कुणाल गया हुआ था। वह कार्य कर रहा था। इस दौरान अचानक वह बिजली करंट की चपेट में आ गया, जिसे तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रदर्शन स्थल पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, श्रमिक संगठन के नेता भीमराव बागडे, भाजपा नेता जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, रमेश पटेल, राजेश श्यामकर, अतुल रायजादा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम खेमलाल वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सहित पुलिस स्टाफ मौके पर मौजूद रहे।



### मुआवजा देने राजी

बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संबंधित फर्म द्वारा मुआवजे की राशि देने का आश्वासन दिया गया। मौके पर 50 हजार रुपए प्रशासनिक अधिकारी के हाथों प्रदान किया गया। वहीं 15 लाख रुपए का चेक प्रदान करने की बात कही गई। इस आश्वासन के पश्चात प्रदर्शन शांत हुआ।

### ग्रामीणों में आक्रोश

इधर इस बात की जानकारी होने पर जहां मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूरों में सनसनी फैल गई थी। वहीं मृतक के गांव व आसपास के लोगों में इस घटना को लेकर प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया था। इस मामले में मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीण सहित कांग्रेस-भाजपा सहित मजदूर संगठन के नेता भी सोमनी पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। बताया गया कि कुछ लोग चक्काजाम करने का प्रयास भी किए, जहां पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश के बाद वे शांत हुए।

# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## बाइक चोरी के बाद बोरतलाव में लूट, अब पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी एवं छीना-झपटी के मामले में पुलिस ने पतासाजी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी चिखली में प्रार्थी राजकुमार वर्मा निवासी बुटेपार थाना घुमका द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी की रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी हेतु सीसीटीवी फुटेज चेक किया। संदेही का वीडियो से आरोपी का पता तलाश करने पर आरोपी 16 खोली गौरीनगर का निखिल बघेल होना पाए जाने से आरोपी निखिल बघेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जिसने अपने कथन में बताया कि इसके जीजा शिवम चुटकेरिया एवं उनके दोस्त राज चंदेरिया के साथ शराब भट्टी चिखली अपनी एक्टिवा गाड़ी से गया था। वह कुछ दूर अपनी एक्टिवा गाडी में था और जीजा शिवम चुटकेरिया एवं उनके दोस्त राज चंदेरिया द्वारा चिखली शराब भट्टी के सामने खड़ी बाइक को चुराकर ले गए। आरोपी निखिल अपनी एक्टिवा से और वे दोनों चुराई हुई गाड़ी से तीनों सनसिटी राजनांदगांव गए, जहां उन्होंने एक और बाइक को चोरी किए हैं। आरोपी निखिल के जीजा शिवम द्वारा निखिल को शराब दुकान से चुराई हुई बाइक को छिपाने के लिए देकर शिवम और राज सनसिटी से चुराई हुई बाइक को लेकर चले गए। अगले दिन 15 मई को बोरतलाब थाना क्षेत्र में जाकर आरोपियों द्वारा 20,000 रुपए छीना झपटी किए थे। मामले में आरोपी निखिल बघेल को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त की गई एक्टिवा एवं चोरी की गई बाइक को बरामद कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।



### पुलिस ने की कार्रवाई

मामले में आरोपी की पतासाजी के लिए टीम गठित कर नागपुर से आरोपी शिवम चुटकेरिया एवं राज चंदेरिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया, जिन्होंने अपना अपराध कबूल किया। आरोपी राज चंदेरिया नागपुर के कब्जे से आरोपी की निशनदेही पर सनसिटी से चुराई हुई बाइक एवं बोरतलाब के अपराध धारा 126(2), 304(ए) बीएनएस में आरोपी से 700 रुपए जब्त किए हैं। साथ ही अन्य आरोपी शिवम चुटकेलिया निवासी सरकंडा बिलासपुर हाल मुकाम 16 खोली चिखली के कब्जे से 500 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है।












CBSE AFFILIATION NO. 3330241

NBIS
ज्ञानं परमं ध्येयम्

# NEERAJ BAJPAYEE International School

*Delivering Academic Excellence Consistently*

NEERAJ BAJPAYEE
FOUNDER & DIRECTOR

**ADMISSIONS OPEN 2025-26**
CLASS NURSERY to IX & XI

## Congratulations
### OUR SCHOOL TOPPERS

## CLASS - X TOPPERS

| Name | Percentage | Subjects |
|---|---|---|
| DIVYANSH RANGARY | 97.2% | MATHS- 98, SST.- 99 |
| MAYANK DEWANGAN | 94% | SST-98, IT- 98 |
| SANSKAR RAJ VAISHNAV | 93.4% | IT - 99, SST.- 94 |
| ANTRA SINGH VINOD | 93.2% | SCI.- 96, HINDI- 95 |
| ABHYUDAY PANDEY | 91.8% | ENG.- 96, IT - 95 |
| VANSH CHANDWANI | 91.2% | IT. - 97, SST - 92, |
| SRISHTI DAHARIYA | 91.2% | IT - 97, HINDI.- 95 |
| PRAGYA JAIN | 90.6% | SCI. - 95, IT.- 95 |
| KUSHAGRA SAHU | 90.4% | MATHS - 96, SCI. - 96 |
| SOUMYA SHANDILYA | 89.8% | HINDI.- 92, IT- 90 |
| SAKSHI SAHU | 89.6% | IT- 98, SANS.- 96 |
| ANUSHKA SAHU | 89.4% | HINDI.- 95, SST- 91 |
| KANISHKA SAHU | 87.8% | IT- 95, HINDI- 92 |
| PRANJALI GUPTA | 87.8% | SANS.- 98, SCI.- 91 |
| PRIYAANSH KHARE | 87.6% | IT - 95, SCI.- 93 |
| KAVYA BARDIYA | 87.6% | IT.- 95, MATHS - 90 |
| TAMANNA GIDWANI | 87.2% | HINDI - 95, MATHS - 89 |
| LALSA VERMA | 87% | IT - 96, HINDI- 95 |
| ROUNAK SINHA | 86.8% | IT- 99, HINDI - 87 |
| ROMIKA NAWLANI | 86% | IT - 92, SCI. - 91 |
| JAY JAWRANI | 86% | IT - 95, SCI.- 90 |
| AANANDI AWASTHI | 86% | IT- 96, SANS.- 91 |
| MANYATA DEWANGAN | 85.8% | IT- 95, SANS.- 90 |
| SAMIKSHA AKHILESH | 85.8% | HINDI- 95, IT- 93 |
| SIMRAN VARMA | 85.8% | IT- 96, HINDI.- 93 |
| KSHITIJ DADSENA | 85.8% | HINDI- 93, IT - 92 |
| BHESHVIDHA VERMA | 85.4% | IT - 92, HINDI- 91 |
| KAVYA DULANI | 85.4% | IT. - 94, HINDI - 87 |
| AKSHAT GATTANI | 85.2% | IT - 96, SANS. - 84 |
| TANISHA NIRMALKAR | 85.2% | SST - 88, IT- 88 |
| HARSH DEWANGAN | 84.8% | SANS. - 89, IT - 89 |
| NAVYA KHANDELWAL | 84.8% | IT- 90, SST- 89 |
| ANANYA SHARMA | 84.4% | HINDI 90, IT 90 |

## CLASS - XII TOPPERS

### COMMERCE

| Name | Percentage | Subjects |
|---|---|---|
| PREKSHA LOHIYA | 93% | ACCOUNT- 100, ECO. - 98 |
| JANHVEE JAIN | 92.8% | ACCOUNT - 99, ECO. - 97 |
| VEENA PANJWANI | 91% | IP- 97, ENG. - 95 |
| MITALI SAHU | 90.8% | ECO. - 98, ACCOUNT - 96 |
| PRAGATI KHANDELWAL | 87.2% | ACCOUNT - 94, ECO - 92 |
| AASKA TATIYA | 86.8% | ACCOUNT - 98, ECO. - 89 |
| PRANIT SINGH BAGGA | 86.8% | ECO. - 96, ACCOUNT - 93 |
| ANJALI CHOPDA | 85.2% | ACCOUNT - 94, ECO. - 93 |
| PRASHANSA LOHIYA | 84.6% | ENG.- 91, ECO. - 89 |
| VAIBHAV CHITLANGIA | 84% | ENG. - 92, ECO - 87 |
| MOHAN VATYANI | 83.8% | ECO - 92, ENG. - 90 |
| LOVELY TEJWANI | 83.8% | ENG.- 96, ECO. - 89 |
| NIHARIKA SAHU | 82.8% | ENG. - 86, ECO. - 85 |
| MEGHA SAPPAL | 82.2% | ENG.- 91, ECO - 91 |
| DARSHAN KOTHARI | 80.8% | ECO - 85, ACCOUNT - 84 |
| PRARTHANA KHANDELWAL | 80.6% | ECO - 88, ENG. - 82 |
| TANISHQ DUGGAD | 80% | ACCOUNT - 83, BST. - 83 |
| KOMESH DEWANGAN | 79.6% | ECO - 91, ACCOUNT - 89 |

### MATHS & BIO

| Name | Percentage | Subjects |
|---|---|---|
| KAVYA CHANDRAKAR | 90.4% | MATHS - 95, ENG. - 93 |
| AAGAM JAIN | 82.8% | CHE. - 93, BIO. - 89 |
| PUSHPENDRA GAJBHIYE | 82.2% | MATHS - 85, ENG. - 84 |
| RIDHIMA SINGH | 81.6% | IP - 95, ENG. - 88 |
| ANISHA JHA | 81.4% | ENG. - 94, BIO. - 92 |
| ANAND SADANI | 80.6% | ENG. - 91, PE. - 90 |
| PRIYANSHU SHRIVAS | 79.8% | PE. - 83, ENG. - 82 |

दूरस्थ छात्रों के लिए शहर में सुरक्षित आवास की व्यवस्था

डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुईखदान, खैरागढ़, राहुद, घुमका, सिंघोला, अंजोरा, टेडेसरा से बस सुविधा उपलब्ध...

NBIS
ज्ञानं परमं ध्येयम्
CBSE AFFILIATION NO. 3330241

## NBIS BORI

COLLABORATION WITH
PHYSICS WALLAH
Academic Excellence Partner!

FOR CLASS
8th | 9th | 10th | 11th | 12th
Foundation | IIT-JEE/NEET

CBSE बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ FOUNDATION । IIT-JEE । NEET की तैयारी P.W. भिलाई के शिक्षकों के द्वारा अब अपने राजनांदगांव शहर में...

OFFLINE REGULAR CLASSES (SIP) FOR
IIT-JEE / NEET + CBSE BOARD

**ADMISSION FEE**
FOR CLASS - 1st (100%) OFF
& ANOTHER CLASS (50%) OFF
TILL - 10th JUNE

## PW SCHOLARSHIP (TILL-10 JUNE)

FOR NEW ADMISSION CLASS- 8th | 9th | 10th & 11th

| ABOVE 90% | ABOVE 80% TO 90% | ABOVE 70% TO 80% |
|---|---|---|
| 25% PW FEE FREE + 100% ADMISSION FEE FREE | 25% PW FEE FREE + 75% ADMISSION FEE FREE | 25% PW FEE FREE + 50% ADMISSION FEE FREE |

CLASS- 11th
**INTRODUCING**
NEW STREAM
**HUMANITIES** (ARTS)

**3-DAYS FREE CAREER COUNSELING**
FOR CLASS-11th STUDENTS
(NEW ADMISSION SESSION-2025-26)
BY - Career-9
ENSURING CAREER SUCCESS
SILICON VALLEY, USA.

93402-80363 | 93408-74310
nbis.rjn@gmail.com | nbischool.rjn@gmail.com
www.nbisrjn.com

ADD: BORI, KHAIRAGARH ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)

**NBIS - A FAST GROWING SCHOOL**

## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा 22 से कोकपुर में



**डोंगरगांव।** राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पं युवराज पाण्डेय के मुखारवृन्द से संगीतमयी श्री शिवमहापुराण कथा का वाचन कोकपुर में किया जाएगा। यह आयोजन स्व ललित श्रीवास्तव की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी दीपा श्रीवास्तव ने रखा है। मुख्य यजमान लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि 22 से 28 मई तक बाजार चौक में शिवमहापुराण कथा का वाचन होगा। पहले दिन डोंगरगाँव से कोकपुर तक बाईक रैली के साथ भक्त श्री पाण्डेय की अगवानी करेंगे। इसी दिन चार सौ महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। कोकपुर में पहली बार भव्य रूप में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक दीपा ललित श्रीवास्तव, मुख्य यजमान जय लक्ष्मी लक्की श्रीवास्तव आदि ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### शिक्षक की पत्नी को मिली अनुग्रह राशि



**छुईखदान।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी स्कूल छुईखदान में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत चेतन आनंद महोबिया की हृदयगति रुक जाने से गत दिनों निधन हो गया था। श्री महोबिया के निधन बाद नियमानुसार अनुग्रह राशि दिया गया ताकि धार्मिक अनुष्ठान वगैरह करने में परिवार को आर्थिक परेशानी न हो। जिला शिक्षा अधिकारी श्री लालजी द्विवेदी के निर्देशानुसार बीईओ श्री डड़सेना के मार्गदर्शन में प्राचार्य श्री द्विवेदी के सहयोग से सहायक ग्रेड 02 अभिलेखसिंह ने अनुग्रह अनुदान राशि का देयक तैयार कर उप कोषालय अधिकारी श्री खुसरो एवं लिपिक प्रकाश खांडेकर के सहयोग से पेश किया। स्वीकृति के बाद प्राचार्य, व्याख्याता नारायणलाल कामड़े एवं नरेश कुमार देवांगन की उपस्थिति में श्री महोबिया की पत्नी शर्मिला महोबिया को चेक प्रदान किया गया।

### सार्वजनिक नलों से खींचा पानी, टुल्लूपंप जब्त

**डोंगरगांव।** स्थानीय नगर पंचायत ग्रीष्मऋतु में जल की पर्याप्त व्यवस्था हेतु तत्परता से काम कर रही है। जिन क्षेत्रों में जल का अभाव है वहां टेंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। वहीं नागरिकों से जल का सदुपयोग करने के साथ साथ जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति का उपयोग करने अपील किया जा रहा है। नगर क्षेत्रांतर्गत ग्रीष्मकाल में जल संकट को देखते हुए सार्वजनिक नलों में टुल्लूपंप लगाकर पानी खीचनें की शिकायत लगातार मिलने के बाद सीएमओ विनम्र जेमा ने जल कार्य प्रभारी छन्नू साहू सहित टीम गठित किया। नगर पंचायत और पुलिस की टीम ने 20 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए किलापारा तथा कुम्हारपारा से 6 नग टुल्लुपंप जप्त किया है। सीएमओ जेमा ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### राष्ट्रीय प्रवीण छात्रवृत्ति के लिए चार का चयन



**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब के चार विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। शाला की पुष्पांजली पटेल, कल्पना साहू, भावेश साहू,अमन पटेल का चयन होने पर कक्षा नवमी से बारहवीं तक उन्हे एक हज़ार रूपए प्रति माह शासन से प्राप्त होगा। जिससे वह अपनी पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री क्रय कर सकेंगे। चयनित बच्चों को एपीसी मो रफीक अंसारी, मनोज मरकाम, एबीईओ रश्मि ठाकुर, जयंत साहू, क्षीतिज सोरी, बीआरसी अरविंद रत्नाकर ,सरपंच इंद्राणी साहू, शाला समिति के अध्यक्ष भोलाराम पटेल, मामेश साहू, मानस साहू, इंदल पटेल, नारद हिरवानी एवं प्रधान पाठिका कमला सिन्हा ने बधाई दी है।

### 22 को होगा आयोजन, तैयारियां तेज

# रेलवे स्टेशन हुआ हाईटेक उदघाटन करेंगे पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेष्वरी देवी की नगरी के हाईटेक स्टेशन का आगामी 22 मई को वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस महती आयोजन में सांसद संतोश पांडे शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर स्टेशन के वीआईपी हाल में रेल प्रषासन ने बैठक का आयेजन किया। बैठक में रेल मंडल नागपुर के सहायक वाणिज्य अधिकारी सहित अन्य शामिल हुए। बैठक में रेल अधिकारियों ने बताया कि लिफ्ट एक्सीलेटर, वेटिंग हाल, शानदार लेंडस्केपिंग सहित नए प्लेटफार्म, वाहन के लिए आधुनिक स्टेंड सहित अन्य का प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।



#### अन्य आयोजन भी होंगे

अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत रेलवे स्टेशन को शानदार रूप दिया गया है। स्टेशन सिर्फ यात्रियों का पड़ाव नही बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक झलक का प्रतीक बनने जा रहा है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हो इसके लिए रेलवे प्रयास में जुटा है। इसी क्रम में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें बच्चों की प्रतियोगिताएं शामिल है। बैठक में कमर्शियल इंस्पेक्टर प्रमोद यादव, चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर देवेन्द्र साखरे, एसीएम डीएस चौहान, पी शास्त्री, स्टेशन मैनेजर जीसी सेठी, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओसी ओल्डक, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सांसद प्रतिनिधि तरूण हथेल, मोन्टी भाटिया, ट्रस्ट उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, डोंगरगढ़ विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल खेमुका, सचिव केके वर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत रखे। सभी ने स्टेशन को हाईटेक और सुसज्जित करने के प्रयास को काबिले तारीफ बताया।

**ट्रेनों का स्टापेज भी जरूरी**

हाईटेक स्टेशन की चमक धमक के बीच एक बड़ा सवाल उठ रहा है कि जब स्टेशन पर ट्रेने नहीं रूकेगी तो फिर इस हाईटेक सुविधाओं का क्या फायदा? लोगो ने सवाल उठाया कि जब ट्रेने बंद है तो एस्केलेटर कौन उपयोग करेगा? यहां के नौकरीपेशा, छात्र और देवी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु अब तो बस के भरोसे है या फिर सफर करना छोड़ चुके है। लोगों का कहना है कि स्टेशन को आधुनिक बनाना स्वागत योग्य है लेकिन जब तक यात्रियों को ट्रेन नहीं मिलेगी तब तक यह चमक बेकार है।

# रोपवे संचालन पुनः शुरू दर्शनार्थियों को मिली राहत

## 22 दिन से बंद था रोपवे, एनआईटी ने दी ओके रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एनआईटी की रिपोर्ट आने के बाद रोपवे का संचालन फिर शुरू हो गया है। करीब 22 दिन पहले रोपवे की ट्राली टूटने और प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा के घायल होने के बाद से रोप वे का संचालन बंद था।

जिला प्रषासन के आदेश पर गठित टीम ने जांच कर अपनी रिपोर्ट दे दिया है। ओके रिपोर्ट मिलने के बाद बीते रविवार से रोपवे का संचालन शुरू हो गया है जिससे दर्शनार्थियों को राहत मिली है।जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग 1 हजार, सोमवार को लगभग 800 लोगों ने रोपे वे से उपर मंदिर जाकर दर्शन किया।

रोपवे के संचालन की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को सुबह से चहल-पहल रही। पिछले 22 दिन से सूना नजर आना वाले मां बम्लेश्वरी के दरबार में दर्शनार्थियों की चहलकदमी बढ़ गई है जिससे नारियल प्रसाद, खोमचा, होटल एवं लाज वाले काफी खुश नजर आने लगे हैं।




#### अनुमति के बाद संचालन

मां बम्लेष्वरी के ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने हरिभूमि को रोपवे के पुनः चालू होने एवं संचालन को लेकर ट्रस्ट समिति एवं रोपवे कंपनी की रूपरेखा पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि रोपवे का परीक्षण धमेन्द्र ठाकुर के साथ किया गया। मेंटेनेंस अवधि का भी निरीक्षण किया गया है। हादसे के बाद संचालन को लेकर ओके रिर्पोट रायपुर की एनआईटी की रिपोर्ट मिलने के बाद जिला प्रशासन की टीम ने भी जांच कर संचालन की अनुमति दिया है। उन्होंने बताया कि संचालन कंपनी को जांच और मेंटेनेंस के लिए पत्र जारी किए गए है।

**बाबा का 3 दिवसीय सालाना उर्स 23 से**

**डोंगरगढ़।** अराकीन आस्ताना कमेटी रजानगर के तत्वावधान में हजरत बाबा अब्दुल गफ्फार शाह रहमतुल्लाह अलैह हजरत बाबा टेकरी वाले मजार में 3 दिवसीय रोजा उर्स 23 से 25 मई तक आयोजित किया गया है। 23 मई को शाही संदल का आयोजन होगा। न्यु ताज मटका पार्टी रेहान ताज नागपुर द्वारा हाई स्कूल चौक से शाम 4 बजे निकल कर शहर भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा। 24 मई को तकरीर में मुक्ती मारूफ रजा मंजरी साहब किबला रामपुर द्वारा रात 9 बजे शामिल होंगे। 15 मई को कुल की फातिहा का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति ने बताया कि तीनों दिन शाम 7 बजे से आम लंगर रखा गया है।

# सीढ़ी होगी चौड़ी, बनेगा विश्राम गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ऊपर मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पैदल जाने वाले दर्शनार्थियों को नवरात्रि के दौरान सुविधा मुहैया कराने लगभग एक करोड़ की लागत से 100 फुट दूरी तक नीचे कार्यालय परिसर से प्राचीन सकरी सीढी को 30 फुट चौड़ी करने, 6 फीट राईडर एवं 15 इंच का टप्पा के साथ हर 200 मीटर में एक सुविधाजनक विश्राम गृह निर्माण की शुरूआत की गई है।




छिरपानी प्रांगण में नवरात्रि के दौरान आने वाले दर्षनार्थियों की भीड़ के लिए बनाए गए शेड एवं मंदिर कार्यालय से हनुमान मंदिर के पास सकरी सीढी व लंबी सीढी को सुविधाजनक बनाना शुरू किया गया है। इस कार्य के बाद दर्शनार्थियों को सीढ़ी में चढने की सुविधा होगी साथ ही भीड़ को कंट्रोल भी किया जा सकेगा। हर 200 मीटर में एक खुला विश्राम गृह होगा जहां यात्री के आराम करने के लिए कुर्सी, स्वल्पाहार के अलावा शौचालय की व्यवस्था होगी। बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति ने नवरात्रि के दौरान होने वाली भगदड़ की स्थिति को समाप्त करने सीढी की चौडाई बढ़ाने की पहल की है। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि उक्त निर्माण प्रारंभ हो गया है।

# सुविधा मुहैया कराने जुटी पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका परिषद लोगों की जरूरत के अनुसार पानी सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है। वार्डो में बोर कराने के अलावा पानी टंकी लगाया गया है। पालिका के प्रयास के बाद भी उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है। कुछ वार्ड में कई पानी टंकी स्थापित है, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। वहीं नए वॉटर कूलर की खरीदी भी की जा रही है जबकि नगर पालिका परिषद में कई सामग्री बिना उपयोग के कबाड़ में पड़ी है। 2020-21 में नरसिंग मंदिर के पास हजारों खर्च कर पानी टंकी और वॉटर कूलर लगाया गया था, जिसका आज तक उपयोग नही हुआ है। वार्डवासी बताते है कि ठेकेदार ने कामचलाउ कार्य कर भुगतान निकाल लिया है।



#### अधिक भुगतान की शिकायत

वर्तमान में नगर पालिका द्वारा 1000 लीटर क्षमता वाली पानी टंकी लगाया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 5 हजार है। कनेक्शन, सामाग्री सहित मिस्त्री का फिटिंग चार्ज मिलाकर 20 हजार व्यय होता है किन्तु वर्तमान में ठेकेदार को 40 से 45 हजार का भुगतान किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिस दुकानदार के माध्यम से ठेकेदार कार्य करा रहा है, उसे लगभग 27 हजार का भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में की जा रही खरीदी चर्चा का विषय बनी हुई है।

# पीएम आवास योजना खुशियों का निवास

## सांसद संतोष पांडेय ने हितग्राहियों का कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्र की जनहितकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश में बने 51 हजार आवास का लोकार्पण किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंने मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ आए। आवास निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों का भूमिपूजन किए तो वहीं नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।



इसी तारतम्य के अंतर्गत सांसद संतोष पांडे ने खुज्जी विधानसभा के ग्राम खोभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लोकार्पण के तहत गृह-प्रवेश करने वाले हितग्राहियों के निवास पहुंचे जहां मीना बाई पति पंचम राम और घनश्याम पिता अल्लू राम को उनके नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में प्रवेश दिलाए। सांसद संतोष पांडे ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के सपनों को तोड़कर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास को रोक दिए थे, उसे भाजपा सरकार आने के उपरांत पुनः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के सपने को साकार किए, गरीब, किसान एवं गांव के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार का समर्पण व जनहितैषी कार्यों से संवार रही है। श्री पांडे ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना न केवल एक सरकारी योजना है, बल्कि यह गरीबों के लिए खुशियों का निवास, आत्मसम्मान सुरक्षा और बेहतर भविष्य की कुंजी बन चुका है, यह योजना से लाखों गरीबों का सपना साकार कर उन्हें एक नया जीवन दिया है।

इस अवसर पर किरण वैष्णव, गीता साहू, बिरम मंडावी, चंद्रिका ड़ड़सेना, रविंद्र वैष्णव,एम डी ठाकुर, भोलाराम यादव सहित भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# मूल्यांकन प्रणाली पर दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ कॉलेज में फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

नेहरू महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, कला संकाय प्रमुख डॉ आशा चौधरी एवं आ ई क यू ए सी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के निर्देशन में 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के क्रम में पांचवें दिन मुख्य वक्ता के रूप में रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय छुरिया के वाणिज्य विभाग के डॉ एचएस भाटिया शामिल हुए।

कला संकाय प्रमुख डॉ. चौधरी ने स्वागत के बाद डॉ. भाटिया का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. भाटिया ने अपने व्याख्यान में कार्य निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली हेतु स्वयं मूल्यांकन प्रपत्र विषय पर विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि कार्य निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे किसी कर्मचारी के कार्य प्रदर्शन को निर्धारित मानकों के आधार पर मापा जाता है। यह प्रणाली कर्मचारियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, उनके सकारात्मक बिंदुओं और सुधार के क्षेत्रों को पहचानने और उसके अनुसार फीडबैक प्रदान करने के लिए उपयोग की जाती है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक ओपी वर्मा, अविनाश सिंह, डॉ नौशीन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, अनिमा मिंज, डॉ सपना परिहार, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, रोशन साहू, प्रभात बैस, ऋचा अग्रवाल, देवश्री देवांगन, डॉ. निर्वेद शर्मा, डॉ गोकुल प्रसाद, रणविजय देवांगन आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ कोचे ने किया।

# युवती का अपहरण, मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवती का अपहरण कर पथरी जंगल में ले जाकर जबर्दस्ती शादी करने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गोवा भागने की फिराक में था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 मई को पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी रोज की तरह अपने गांव से स्कूल पढ़ाने के लिए सुबह करीब साढे 10 बजे जा रही थी। रास्ते में एक टाटा नेक्सॉन वाहन में आए हुए कुछ अज्ञात लोगों द्वारा प्रार्थिया की बेटी को जबर्दस्ती अपहरण कर ले गए हैं। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### गोवा भागने के फिराक में था आरोपी

एएसपी राहुलदेव शर्मा ने पत्रवार्ता में बताया कि प्रकरण में दो सहयोगी आरोपी तामेश्वर निषाद एवं रोशन निषाद को पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद मुख्य आरोपी अनुप चंद्राकर फरार हो गया था। सायबर सेल व डोंगरगांव पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पता तलाश के लिए अलग-अलग टीम बनाकर प्रयास किया जा रहा। इसी दौरान जानकारी मिली कि आरोपी अनुप चंद्राकर ट्रेन से रेलवे स्टेशन दिल्ली पहुंचने वाला है, जिस पर थाना डोंगरगांव की टीम स्थानीय जीआरपी और सायबर सेल के सहयोग से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी दिल्ली से गोवा भागने की फिराक में वहां से टिकट खरीदकर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त ओप्पो मोबाइल जिसमें शादी करने का वीडियो बनाया गया है व 3 नग सिम जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



#### मारपीट कर शादी करने बनाया दबाव

इस मामले में पुलिस द्वारा क्षेत्र में नाकेबंदी की गई। पुलिस टीम गठित कर अपहृता एवं आरोपियों की पतातलाश किया जा रहा था। घटना के बाद पुलिस के बढ़ते दबाव में रात्रि में अपहृता को आरोपियों द्वारा अपहृता के परिचित के घर ग्राम अंडा जिला दुर्ग छोड़ा गया, जिसे टीम द्वारा जाकर बरामद किया गया। अपहृता का विस्तृत पूछताछ कर कथन कराया गया। पीड़िता ने बताई कि आरोपी अनुप चंद्राकर जबरन शादी करने के लिए एवं पूर्व में आरोपी के खिलाफ अपहृता द्वारा दर्ज कराए गए रिपोर्ट को वापस लेने एवं अपना बयान बदलने दबाव बनाने व शादी करने अन्य दो सहयोगियों के साथ अपहरण किया गया था, जिसे अपहरण करने के पश्चात पथरी के जंगल में रखकर मारपीट कर शादी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ति के नहीं मानने पर उनके ऊपर पेट्रोल डाल दिया था। पुलिस के बढ़ते दबाव में आरोपी अनूप चंद्राकर ने पीड़ति को घर छोड़ा है। पुलिस द्वारा प्रकरण में धारा 138, 140(2), 140(3), 296, 115(2), 351(2), 3(5), 74, 124 जोड़ी गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202505093100014**

विषय : ब-121 मामले की श्रेणी : राजस्व सन : 2024-2025

**बरहापुर (प ह न. 00003),**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार - मोहन लाल**
**अनावेदक पक्षकार -**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल पिता पड़ुवा जाति तेली निवासी ग्राम मुंदगांव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बरहापुर प.ह.नं. 03 रा. नि. मं. तुमड़ीबोड़ तह. डोंगरगांव जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख.नं. 40/4 रकबा 0.1600 हे. दर्ज व स्थित है, जिसमें अन्य 8 हिस्सेदार शामिल है। जिसका किसान किताब गुम हो जाने के कारण किसान किताब कि द्वितीय प्रति बनाने हेतु शपथ पत्र की प्रतिलिपि, बी-1 की नकल, चालान, बैंक का नो-ड्यूस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पुलिस चौकी में दिये गये आवेदन कि प्रतिलिपि के साथ, आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वंय / अधिवक्ता, आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि 30/05/2025 के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/05/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर)

Abdul Vashim Siddiqui
**तहसीलदार**
**तहसील-डोंगरगांव**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अजय कुमार मल्लूलल कुशवाहा निवासी रेल्वे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर सराय, कामठी, नागपुर, महाराष्ट्रा द्वारा ग्राम पिपरिया प.ह.न. 31 रा.नि.म खैरागढ़ तहसील खैरागढ़, जिला के.सी.जी. (छ.ग.) में स्थित असिंचित भूमि जिसका खसरा नं. 183/2, रकबा 0.3640 हे., 180 रकबा 0.2510 हे., 177/2 रकबा 0.0610 हे., 175 रकबा 0.3160 हे., 167 रकबा 0.2060 हे. भूमि इस प्रकार कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 1.198 हे. विक्रेता सना बानो पति मो. आबीद मेमन द्वारा विक्रय करने हेतु तय शुदा रकम में पक्का सौदा कर लिया है जिस संबंध में विक्रय मूल्य की राशि में से बतौर एडवांश राशि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी को अदा कर दी गई है। पंजीयन विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाना शेष है।

अतः उक्त सौदे / संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति वित्तीय संस्था शासकीय अर्ध शासकीय निकाय बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय ससंगत दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत की गई आपत्ति/ दावा प्रभावहीन एवं शुन्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात् मेरे पक्षकार स्वतंत्र होगा कि वह अपने पक्ष में उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेवे । तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति दावा अथवा झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

जो सूचना सर्व विदित हो।

स्थान : खैरागढ़
दिनांक : 20/05/2025

**राजीव कुमार चंद्राकर**
अधिवक्ता अमलीपारा खैरागढ़
मो. नं. 9424238529

## सार समाचार

### बिजली-पानी के लिए हाहाकार



**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने जारी बयान में कहा कि तीन चरणों में सुशासन त्यौहार मनाकर सत्तासीन भाजपा अपनी ही पीठ थपथपा रही है, खुद को शाबाशी दे रही है। दूसरी ओर जनता भरी गर्मी में बिजली-पानी जैसे मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को सत्ता में लाकर पछता रही है और धोखेबाज सरकार को कोस रही है। श्री कन्नौजे ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकसित छत्तीसगढ़ और भारत का जनता को सब्जबाग दिखाते शर्म नहीं आ रही है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा विस अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र और सांसद संतोष पांडे निर्वाचन जिले का उदाहरण पेश करते कहा कि भाजपा जनता को बुनियादी सुविधाएं ही दिला पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं और सुशासन तथा विकसित भारत की झूठी बात करती है। पहले सड़कों का सुधार कर लें और जनता को गर्मी में बिजली-पानी समुचित सुविधा उपलब्ध करा दें तो जनता खुद ब खुद इन्हें दुआएं देंगे, लेकिन बिजली-पानी और सड़क के मुद्दे पर जनता भाजपा को लगातार कोस रही है।

### प्रशासनिक तत्परता से रोका गया बाल विवाह

**मोहला।** विकासखंड मोहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेरी में बाल विवाह की सूचना पर जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और एक संभावित



सामाजिक कुरीति को समय रहते रोक लिया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते 21 मई 2025 को प्रस्तावित बाल विवाह को सफलतापूर्वक रुकवाया। बालिका की आयु मात्र 17 वर्ष 8 माह थी, जिसे विवाह योग्य न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण करने के बाद ही विवाह करने की समझाइश दी गई। वधु पक्ष के परिजनों और ग्रामीणों को विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही परिवार द्वारा विवाह स्थगित करने की लिखित सहमति भी प्रदान की गई। इस संयुक्त अभियान में सीएस मिश्रा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, दिनेश साहू तहसीलदार मोहला, पुलिस विभाग से नेहा पवार डीएसपी व उनकी टीम, सुरजा ध्रुव व अर्पिता राठौर पर्यवेक्षक की विशेष भूमिका रही। टीम द्वारा ग्राम पंचायत को यह भी निर्देशित किया गया कि विवाह पंजी संधारित करने की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। जिससे इस प्रकार की परिस्थितियों से बचा जा सके।

### नालंदा परिसर सहित विकास कामों का भूमिपूजन आज

**राजनांदगांव।** नगर विकास की कड़ी में मूलभूत सुविधा सहित अन्य विकास कार्य कराने शासन द्वारा 23 करोड़ राशि स्वीकृत की गई, जिसे धरातल में मूर्त रूप देने कल 21 मई को संध्या 6 बजे ऊर्जा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह भूमिपूजन करेंगे। साथ ही पुष्पवाटिका में बने फिस एक्वेरियम का उद्घाटन भी करेंगे। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि लगभग 30 लाख रुपए से पुष्पवाटिका में फिस एक्वेरियम का निर्माण किया गया है। जिसका कल उद्घाटन होगा। इसके साथ ही 23 करोड़ रुपए के 66 विकास कामों का भूमिपूजन किया जाएगा। महापौर यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए राजनांदगांव में नालंदा परिसर निर्माण करने स्वीकृति प्रदान किए। जिसमें सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, जहां विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर उच्च मुकाम हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अधोसंरचना, पर्यावरण उपकर तथा प्रभारी मंत्री अनुशंसा निधि से लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से मूलभूत सुविधा के तहत रोड, नाली, सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, प्रवेश द्वार, शेड निर्माण आदि कार्य कराए जाएंगे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी आज

**राजनांदगांव।** शहर की समाजसेवी संस्था उदयाचल द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी सभा का आयोजन कल 21 मई को शाम 5 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में रखा गया है। उदयाचल अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना एवं सचिव अतुल रायचा ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है एवं यह एक मजबूत व स्थिर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण निर्णय होगा, इसलिए संगोष्ठी सभा के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, महापौर मधुसुदन यादव, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, पद्मश्री फुलबासन यादव एवं अधिवक्ता एचबी गाजी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी जनसम्पर्क प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

### अंडर-19 क्रिकेट में विकल्प का चयन, जाएंगे इंग्लैंड

**राजनांदगांव।** आगामी माह इंग्लैंड जाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम (अंडर-19) में शहर के विकल्प तिवारी का चयन ऑल इंडिया जूनियर सलेक्शन कमेटी ने किया है । इस दौरे के लिए 23 मई से 18 जून तक बेंगलुरु में एक हाई परफार्मेंस कैंप होने जा रहा है। बीसीसीआई के क्रिकेट



हेड वीवीएस लक्ष्मण ने इस बाबत एक पत्र छग स्टेट क्रिकेट संघ को लिखकर विकल्प तिवारी को 22 मई तक कैंप में शामिल होने की सूचना दी है। भारतीय टीम के अंडर-19 टीम के गठन हेतु विगत दिनों विकल्प तिवारी का चयन एनसीए में कैंप के लिए हुआ था। 45 दिनों तक चले इस कैंप में प्रदर्शन के आधार पर इस दौरे के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। विकल्प तिवारी ने बहुत ही कम उम्र से राज्य एवं बीसीसीआई द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम में अपने चयन के दावे को पुख्ता कर लिया था। बीसीसीआई ने इस दौरे के लिए विकल्प तिवारी को जरूरी दस्तावेज एवं विसा संबंधित औपचारिकताओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। जिला क्रिकेट एसो. के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी एवं समस्त पदाधिकारी, सदस्यों ने राजनांदगांव के लिए यह अत्यंत ही गौरव का विषय बताते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पांच दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 31 से

**राजनांदगांव।** श्री भैरवी धाम जनकल्याण समिति द्वारा नवनिर्मित श्री भैरवी शक्तिधाम तांत्रोक्त शक्तिपीठ एवं साधना केंद्र खैरा में पांच दिवसीय भव्य देवी पूजन प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एक से 5 जून तक आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में आयोजन समिति ने बताया कि 31 मई को शाम 4.30 से जलयात्रा, 01 जून देव आवाहन स्थापना, मूर्ति संस्कार, ब्राह्मण बरण प्रातः 9 बजे से, जलाधिवास सायं 4.30 बजे, 02



जून को आवाहित देवताओं का पूजन, जप-पाठ प्रातः 9 बजे से, अन्नाधिवास सायं 4 बजे, 3 जून आवाहित देवताओं का पूजन, मूर्ति उत्थापन, जप-पाठ प्रातः 9 बजे, पंचामृताधिवास दोपहर 1 बजे, पुष्पाधिवास सायं 4 बजे, 4 जून आवाहित देवताओं का पूजन, जप-पाठ प्रातः 9 बजे से, मूर्तियों का महास्नान-नाना प्रकार की औषधि पल्लव विष्ट, समुद्रजल, तीर्थ जल आदि से दोपहर 1 बजे, संध्याधिवास सायं 4.30 बजे, 5 जून पूजन मूर्ति न्यास, नेत्रोमूलन संस्कार प्रात 9 बजे, सिंह लग्न में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, श्रृंगार, प्रथम पूजा, भोग, आरती, महाप्रसादी एवं भंडारा प्रातः 11.30 से 12.40 बजे तक एवं अतिथि एवं संत सत्कार 5 जून दोपहर 1 से 2 बजे तक होना है। उक्त कार्यक्रम मुख्य आचार्य रघुनाथ पाण्डेय एवं अन्य आचार्य गणों के सुभाशीष और गुरुवर संजय सिंह की प्रेरणा से ओम सोनकर रायपुर के मुख्य यजमानी में आयोजित किया जाना है।

## पत्रकारों में आक्रोश, कार्रवाई के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अवैध ईंट भट्ठों का संचालन मीडियाकर्मियों से बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में नियमों को ताक पर रखकर जारी अवैध ईंट भट्ठों को लेकर बड़ा मामला सामने आया है जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक कोमल जंघेल के भाई चुम्मन पर अवैध तरीके से भट्ठे का संचालन और मीडियाकर्मियों के साथ बदसलूकी करने की जानकारी मिल रही है। मामले मे पत्रकारो ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को पूरी घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए कारवाई की मांग की है।

विभागीय संरक्षण मे नियमों को ताक पर रखकर जिले मे बड़ी संख्या मे ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है। इस अवैध कारोबार से जंगल, जमीन और जल के अस्तित्व पर लगातार खतरा बढ़ रहा है। शासन को लाखों रुपए की राजस्व हानि हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस से आंख मूंदे हुए है। समय-समय पर अवैध तरीके संचालित ईंट भट्ठों की जानकारी विभाग को दी जाती है लेकिन भट्ठा संचालकों से सांठ-गांठ की वजह से ठोस कार्रवाई नहीं होती और दिखावे की खाना पूर्ति होती है। एक ओर पीएम नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार रूप देने दिन रात मेहनत कर रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार के बहाने आम लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का निदान कर रहे वही कतिपय भाजपा नेता और उनके परिजन अवैध कार्यों मे संलिप्त है।



### कांग्रेस लड़ेगी पत्रकारों के साथ लड़ाई

ईंट भट्ठा संचालक चुम्मन जंघेल पूर्व विधायक व संसदीय सचिव भाजपा नेता कोमल जंघेल का छोटा भाई है इससे साफ है कि सत्तासीन होने व बड़े नेता का भाई होने के कारण प्रशासन अवैध ईंट भट्ठे पर कार्रवाई करने से बच रहा है, लेकिन कलेक्टर ने पत्रकारों को आश्वसत किया है कि गलती पर कारवाई जरूर होगी। वही विधायक प्रवक्ता व कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने कहा कि प्रदेश में सत्तसीन होने के कारण भाजपा नेता अधिकारियों पर शिकंजा कस कर अवैध कार्यों को खुलेआम अंजाम दे रहे है। अवैध ईंट भट्ठों को बंद करने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाने वाले भाजपा नेताओं पर प्रशासन कार्रवाई करने से बच रहा है, अगर पत्रकारों की शिकायत पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो कांग्रेस सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

### आने की जानकारी पर ही भड़क गया संचालक

छुईखदान ब्लाक के घिरघोली निवासी चुम्मन जंघेल गांव में ही वृहद स्तर पर अवैध ईंट भट्ठा संचालन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पत्रकार रवि रजक, साकेत श्रीवास्तव और किशोर सोनी ने बताया कि उनके भट्ठा पहुंचने की सूचना मुंशी द्वारा मोबाईल से देने पर ही संचालक आग बबूला होकर बदसलूकी करने लग गया। किसी पत्रकार की हिम्मत नहीं हुई जो मेरे भट्ठा पर आए तुम लोगों की हिम्मत कैसे हुई। भट्ठा किसका है जान लेने के बाद आने की हिम्मत करनी थी कहने लगा। पता चला है कि संचालक चुम्मन जंघेल पहले चिमनी भट्ठे का संचालन करता था जिसका दस्तावेज हैं, लेकिन बीते कुछ सालों से हाथ भट्ठा का संचालन कर रहे हैं और उसका कोई दस्तावेज नहीं है यह जानने के बाद भी विभागीय अधिकारी कारवाई की हिम्मत नही जुटा पाए है। भट्ठा संचालक चुम्मन जंघेल के व्यवहार से आहत और आक्रोशित जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष सज्जाक खान, संरक्षक अनुराग तुरे, श्रेयांश सिंह, मनोहर सेन, नीलम वैष्णव, गंगाराम पटेल, शेखरदास वैष्णव सहित अन्य पत्रकारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### चाकूबाजी कर ईंट से हमला, तीन गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक तेज चलाने से मना करने पर आरोपियों ने मिलकर प्रार्थी पर चाकू व ईंट से हमला कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 मई को रात करीबन साढे 9 बजे आहत शिवम अग्रवाल अपनी बाइक से एलबी नगर जाने के लिए निकला था। आदर्श स्कूल के पास रोड में कैलाश उर्फ निक्कु रजक ने गाड़ी क्यों तेज चला रहे हो कहकर मां-बहन की गाली देने लगा। शिवम अग्रवाल गाली देने से मना किया तो कैलाश, पारस, नंदू रजक एवं मुस्सु ने शिवम अग्रवाल के साथ मारपीट करने लगे एवं पारस उर्फ पप्पू रजक एक बटनदार चाकू निकालकर जान से मारने की नियत से शिवम अग्रवाल के पेट, पीठ में मारकर गंभीर चोंट पहुंचाया, जिसे ईलाज हेतु डोंगरगढ़ अस्पताल ले गए, जिसे सुरेन्द्र अग्रवाल देखने डोंगरगढ़ अस्पताल जा रहे थे कि नाला के पास आरोपियों ने उसे भी ईंट एवं पत्थर से मारकर सिर पर हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाया। जिसकी रिपोर्ट पर धारा-296, 115(2), 351(2), 3(5), 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### फरार आरोपी की तलाश

पुलिस के अनुसार घटना के बाद से फरार आरोपी कैलाश उर्फ निक्कू रजक, पारस उर्फ पप्पू निर्मलकर, नंदू रजक का पता तलाश कर हिरासत में लेकर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार बटनदार चाकू एवं ईंट को जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में जेल भेजा गया है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है। जिसकी पता तलाश की जा रही है।

## सांकरदहरा एनीकट के दो गेट क्षतिग्रस्त तस्करों के खिलाफ एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांकरदहरा एनीकट के गेट को क्षतिग्रस्त कर पानी को बहाने के मामले में लगभग यह तय है कि इस घटनाक्रम के पीछे रेत माफिया का हाथ है, किन्तु सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है। वहीं गेट को खोलने के मामले विभागीय कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात को अज्ञात लोगों ने सांकरदहरा एनीकट के चार गेट को खोल दिया था। जिससे वहां एकत्रित पूरा पानी बह गया। अब हालात यह है कि मोक्षधाम सांकरदहरा में अस्थि विसर्जन के लिए भी पानी नहीं बचा है। शातिर लोगों ने गेट तो खोला।

साथ लोहे की राड को भी क्षति पहुंचा दिया है, ताकि गेट को बंद न किया जा सके।

#### कैसे खोला गेट?

सूत्रों के अनुसार एनीकट के गेट की अपनी चाबी होती है। जिसके सहारे ही उसे खोला और बंद किया जाता है। बिना चाबी के गेट को खोलना संभव नहीं है। सवाल यह है कि अज्ञात आरोपियों ने कैसे गेट को खोला? संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि मामले में विभागीय कर्मचारियों की भी संलिप्तता हो सकती है। गेट को खोलने के बद जेसीबी जैसी किसी भारी भरकम मशीन का उपयोग कर राड को क्षतिग्रस्त और तिरछा किया गया है।

#### रेत माफिया का हाथ

डोंगरगांव क्षेत्र के आसपास जिस तरीके से रेत का खुलेआम खनन और परिवहन किया जा रहा है, उसे देखते हुए साफ है कि एनीकट के गेट को खोलने में माफिया का ही हाथ है। एनीकट का पानी खाली होने के बाद चांदो, साल्हे, देवरी सहित अन्य ग्रामों से रेत की निकासी का रास्ता साफ हो गया है। गौरतलब है कि इससे पहले दर्री एनीकट के आसपास मनमाने तरीके से रेत का खनन किया गया था। जिसके चलते तीन साल पहले दर्री एनीकट ढह गया था। जिसके साथ ही डोंगरगांव की महत्वाकांक्षी 12 करोड़ की लागत वाली जल आवर्धन योजना अब तक चालू नहीं हो सकी है।

## अपहरण के आरोपी को फांसी देने की मांग

### ग्रामीणों ने घेरा एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल के अपहरण और उससे जबर्दस्ती शादी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अनूप चंद्रकार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी के दो अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया था। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे फांसी देने की मांग करते हुए पीड़िता के साथ बड़ी संख्या में ग्राम भेजराटोला के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

आज सुबह लगभग 11 बजे कुमर्दा क्षेत्र के समीप ग्राम भेजराटोला से एक बस में भरकर बड़ी संख्या में पीड़िता के साथ ग्रामीण एसपी ऑफिस पहुंचे और एसपी कार्यालय के सामने गेट पर बैठकर अपहरण के आरोपी भर्रेगांव निवासी अनूप चंद्राकर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते उसे फांसी की सजा देने की मांग की। इस दौरान ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करते रहे। एसपी कार्यालय के गेट पर बैठे ग्रामीणों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने आरोपी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में जानकारी देकर उन्हें आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया।



#### डोंगरगांव पुलिस की शिकायत

एसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से डोंगरगांव पुलिस के रवैये को लेकर नाराजगी जताते शिकायत की। अपने प्रदर्शन के दौरान पीड़िता ने कहा कि डोंगरगांव पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई है। वहीं रिपोर्ट लिखने के लिए भी घंटों थाना में बिठाए रखा। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में भी उचित जानकारी नहीं दी गई।

#### गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज

इस मामले में एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि पीड़िता की मांग है कि आरोपी को अधिक से अधिक सजा मिले। पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया हुआ है। आरोपी के खिलाफ सबूत एकत्रित किए जा रहे हैं, ताकि उसे कड़ी सजा मिल सके।

#### वाहन मालिक पर कार्रवाई की मांग

अपने लिए न्याय की मांग करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़िता ने कहा कि आरोपी पर पुलिस ने क्या धारा लगाई है, उसकी जानकारी मुझे नहीं दी गई है। वहीं उन्होंने कहा कि जिस कार में उनका अपहरण किया था, वह कार किसकी है, इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है। पीड़िता ने मांग की है कि अपहरण में प्रयुक्त कार के मालिक पर भी कार्रवाई की जाए।

## सीआरपीएफ की दबिश, माओवादी गिरफ्तार

### गिरफ्तार माओवादी पर घोषित था ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नक्सल विरोधी अभियान के तहत महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस ने डीवीसीएम रैंक के तीन माओवादी को गिरफ्तार किया है। वहीं दो अन्य को हिरासत में लिया है। पकड़े गए माओवादी ईनामी है। जिनसे एसएलआर रायफल सहित अन्य सामग्रियां बरामद की गई है।

महाराष्ट्र गढचिरौली पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हिंसक वारदातों में सक्रिय रूप से शामिल और देश विरोधी कृत्य करने वाले पांच माओवादियों को गढ़चिरौली पुलिस बल और सीआरपीएफ ने 20 मई को हिरासत में लिया और उनमें से तीन को गिरफ्तार किया। अन्य दो माओवादियों की उम्र के संबंध में कोई ठोस सबूत नहीं मिलने के कारण उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिया गया है। गढ़चिरौली पुलिस बल की प्रभावी कार्रवाई के कारण गढ़चिरौली पुलिस बल ने जनवरी 2022 से अब तक कुल 103 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

#### हथियार बरामद

गिरफ्तार माओवादियों के पास से 1 एसएलआर रायफल, 1 .303 रायफल, 3 सिंगल शॉट रायफल, 2 असॉल्ट रायफल, 3 वॉकी-टॉकी और अन्य सामग्री जब्त की गई है। उक्त पांच माओवादियों में तीन को 20 मई को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य दो माओवादियों की आयु के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य न होने के कारण उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। सभी पांच माओवादियों पर कुल 36 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था।



#### सभी सक्रिय माओवादी

गिरफ्तार माओवादियों को आगे की पूछताछ के लिए गढ़चिरौली स्थित पुलिस मुख्यालय लाया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम उंगी मंगरू होयम उर्फ सुमाली (डीवीसीएम, प्लाटून नंबर 32) 28 वर्ष, पल्लवी केसा मीडियम उर्फ बूंदी (पीपीसीएम, प्लाटून नंबर 32) 19 साल, देवे कोसा पोडियाम उर्फ सबिता (सदस्य, प्लाटून नं. 32) 19 वर्ष और दो अन्य माओवादी सदस्य इसमें शामिल थे। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि ये सभी पांच सक्रिय माओवादी हैं और हमला करने के इरादे से बिनगुंडा वन क्षेत्र में घुसे थे।

#### सूचना पर पुलिस बल की दबिश

पुलिस ने सूचना के आधार पर कहा कि 50 से 60 माओवादी पुलिस कर्मियों पर हमला करने और घात लगाने के इरादे से भामरागढ़ उप-विभाग के लाहेरी उप-पोस्ट के अंतर्गत एक गांव बिनगुंडा में एकत्र हुए हैं। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अभियान) यतीश देशमुख, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) एम. रमेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अहेरी सत्य साईं कार्तिक के मार्गदर्शन में पुलिस उपाधीक्षक (संचालन) विशाल नागरगोजे के नेतृत्व में सी-60 (स्पेशल एक्शन फोर्स) की 8 टुकड़ियां और ए कंपनी 37 बटालियन 18 मई को सीआरपीएफ की एक टीम उक्त वन क्षेत्र में भेजी गई।

#### कुछ माओवादी मौके से भागे

पुलिस के अनुसार 19 मई को जब सी-60 टीमें माओवादी विरोधी अभियान चला रही थी, उन्होंने बिनगुंडा गांव को घेर लिया और गांव की तलाशी शुरू कर दी। देखा गया कि कुछ संदिग्ध हरे-काले रंग की वर्दी पहने हुए तथा कुछ सादे कपड़ों में हथियारों के साथ पुलिस दल पर घात लगाने की योजना बना रहे थे। चूंकि गांव में नागरिक मौजूद थे, इसलिए पुलिस दल ने गोलीबारी नहीं की और अंततः पांच माओवादियों को उनके हथियारों के साथ पकड़ लिया। इस दौरान अन्य माओवादी गांव और जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।

### महिला को जड़ा थप्पड़ , भाई के सिर पर बियर की बॉटल फोड़ी, केस

**भिलाई।** महिला के गाल पर थप्पड़ जड़कर उसके भाई के सिर पर बियर का बॉटल फोड़कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सत्यम चौक, रुआबांधा बस्ती निवासी कौशल्या साहू ने शिकायत किया है कि 18 मई को घर के बाहर खड़ी बाइक सीजी 07 सीडी 1203 को सीजी 07 सीएम 4939 में सवार होकर पहुंचे युवकों ने ठोकर मार दी। घटना की आवाज सुनकर महिला घर के बाहर निकलने पर तीनों युवकों को वाहन ठीक से चलाने की हिदायत दी। तीनों युवकों ने महिला को गाली गलौज कर उल्टा चार-पांच थप्पड़ जड़ दिया। अपने भाई श्रवण कुमार साहू को आवाज देने पर भाई घर से बाहर आया। उसे भी युवकों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर गाली गलौज किया गया। श्रवण पर आरोपी युवकों ने बियर की बॉटल भी फोड़ा गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और जनहित को प्राथमिकता के निर्देश

# बॉयपास चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य का उपमुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहरवासियों के लंबे समय से चली आ रही मांग को आज मूर्त रूप मिला, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा बॉयपास के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। यह बहुप्रतीक्षित विकास कार्य 4 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपए की लागत से संपन्न होगा। जिसमें 1.30 किलोमीटर लंबे बॉयपास की सड़क को मजबूत किया जाएगा तथा उसे चौड़ाकर यातायात को सुगम बनाया जाएगा। सड़क के निर्माण से न सिर्फ यातायात व्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि शहर की सुंदरता और संरचना को भी नया स्वरूप मिलेगा। बहुप्रतीक्षित कवर्धा बॉयपास चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भूमिपूजन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और जनहित को प्राथमिकता देने के स्पष्ट निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि भूमिपूजन के तुरंत बाद ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। हमारी सरकार की मंशा है कि जनता को विकास कार्यो का लाभ शीघ्र मिले। यही वजह है कि शॉपिंग मॉल जैसी परियोजनाओं में भी भूमिपूजन के साथ-साथ तत्काल कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी होती है, जिससे कार्य में विलंब होता है। इसे लेकर सरकार गंभीर है और प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में विकास कार्यो में तेजी आएगी। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, संतोष पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, मनीराम साहू, नीतेश अग्रवाल,जसविंदर बग्गा, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, पटेल सहित समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण व मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## सड़कें सिर्फ रास्ते नहीं बनातीं, बल्कि क्षेत्र में विकास के नए द्वार भी खोलती हैं



कवर्धा बॉयपास के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कें सिर्फ रास्ते नहीं बनातीं, बल्कि क्षेत्र में विकास और संभावनाओं के नए द्वार भी खोलती हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां सड़कें बनती हैं, वहां-वहां रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलती है। एक अच्छी सड़क स्थानीय नागरिकों के जीवन को आसान बनाती है और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी गति देती है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कवर्धा सहित पूरे क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री का लक्ष्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देना है। सरकार की सोच स्पष्ट है कि विकास को गांव, कस्बे और शहर तक ले जाना और हर नागरिक को इसका लाभ पहुंचाना। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे इन विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दें ताकि कार्य शीघ्र और सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके।

## बरसात में न हो नागरिकों को परेशानी

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित ठेकेदारों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। कार्य को इस प्रकार संचालित किया जाए कि वर्षा ऋतु में भी यातायात और जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। आप सभी के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा होगा।

# जनपद सदस्य ने छात्रा राजमती पटेल को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

■ कक्षा 10 वी में 91.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त।

जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्रमांक 23 के जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने अपने क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल नेवारी के छात्रा राजमती पटेल को कक्षा 10 वी में 91.67 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण होकर अपने शाला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके निज निवास पहुंच कर बधाई प्रेषित की। छात्रा राजमती पटेल ने बताया कि वह विज्ञान संकाय लेकर आगे की पढ़ाई जारी रखना चाह रही है। जनपद सदस्य ने आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने अपने क्षेत्र के सभी शासकीय शाला के कक्षा 5वीं, 8वीं व कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत बच्चों को शाला में प्रथम स्थान करने पर क्रमशः 201 रुपए, 501 रुपए व 750 रुपए शिक्षा प्रोत्साहन राशि देने तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य, उत्कर्ष, प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित होने पर 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इसी क्रम में अपने क्षेत्र के सभी शासकीय शाला के छात्रों को इस वर्ष के शिक्षण सत्र आरंभ में 2024-25 का प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा।

## रोजगार गारंटी के तहत कई कार्य किया गया

**हरिभूमि बरबसपुर।** हरिनछपरा के पूर्व सरपंच आनंद दास बघेल द्वारा रोजगार गारंटी योजना कार्य अंतर्गत 14 से 19 मई तक किया जाएगा। वहीं रविवार को ग्रामसभा बैठक आयोजित किया गया जिसमें समस्त ग्रामीण मजदूर उपस्थित थें व सामाजिक अंकेक्षण वर्ष 2023-24 से 2024-25 तक रोजगार गारंटी के तहत खेत समतलीकरण, पशु सेट एवं रोजगार गारंटी के तहत जितने भी कार्य कराए गए उसका जानकारी देने के लिए रोजगार गारंटी जनपद ऑडिटर समन्वयक भूपेंद्र साहू द्वारा समस्त जॉब कार्डधारी द्वारा कार्य किया गया था, उसका जानकारी एक-एक मजदूर को दिया गया। जिसमें पूर्व सरपंच आनंद दास बघेल द्वारा रोजगार गारंटी कार्य पूर्व में कराए गए कार्य से समस्त जॉब कार्डधारी ने खुशी जाहिर किया, जिस पर सरपंच श्रीमती रेखा धुर्वे, सचिव रोहित कोशले, रोजगार सचिव राजेश जोशी, उपसरपंच श्रीमती शीतल भारती, पंचगण गोरेलाल सिंहा, रीनू भारती, दिनेश अनंत, भगवान दास कुर्रे, जलेश बघेल, राजू चतुर्वेदी, खेलेश्वर कुर्रे, धर्मेंद्र जांगड़े, राकेश लहरें, कलीराम भारती एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

# बाल आयोग अध्यक्ष से छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले सहित छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के लिए विगत 2012 से निरंतर स्वयंसेवी सहयोग के माध्यम से छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन कार्य करते आ रहा है। शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित कार्य किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल-विवाह रोकथाम, बाल श्रम प्रतिषेध, कुपोषण को दूर करने एवं अनेकों प्रकार से बच्चों के अधिकारों की संरक्षण के लिए कार्यरत है। इसी कड़ी में सोमवार को छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा से सौजन्य भेंट मुलाकात किया गया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर रमन सिंह समाजसेवी ने आयोग के अध्यक्ष की सराहना करते हुए बताया कि अध्यक्ष महोदया डॉ वर्णिका शर्मा अत्यंत सहज, सरल, सौम्य एवं संवेदनशील विद्वान हैं। जिन्होंने कई वर्षो से सुंदूर दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने ने छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन के कार्यों को विस्तार से चर्चा किया। इसी के साथ कबीरधाम जिले में अति शीघ्र आगमन का भरोसा दिलाया गया है। आयोग के अध्यक्ष से सौजन्य भेंट में छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर रमन सिंह समाजसेवी के साथ पालेश यादव सांस्कृतिक प्रमुख, विशेष संरक्षित जनजाति पीवीटीजीएस बैगा समाज प्रमुख मोती बैगा, बिहारी बैगा एवं छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संगठन के संरक्षक चंद्रकांत यादव उपस्थित थें।

# विधायक ने रोहरा व डोंगरियाकला में अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## क्षेत्र की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए हम कृतसंकल्पित हैः भावना



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई

पंडरिया विधानसभा को विकसित और समृद्ध बनाने एवं एक आदर्श विधानसभा के रूप में नई पहचान दिलाने के लिए विधायक श्रीमती भावना बोहरा लगातार विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जनता की सुविधाओं के लिए कार्य कर रही हैं। वहीं मंगलवार को ग्राम रोहरा एवं ग्राम पंचायत डोंगरिया कला में विधायक द्वारा 52 लाख 46 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड, सामुदायिक भवन एवं अटल सद्भावना भवन का विधिवत भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यो के लिए बधाई दी। इस दौरान उन्होंने ग्राम रोहरा में 14 लाख 46 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड और ग्राम डोंगरिया कला में विधायक निधि से 13 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन एवं विभिन्न मद अंतर्गत 25 लाख रुपए की लागत से अटल सद्भावना भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्राम रोहरा एवं डोंगरिया कला में 52 लाख रुपए से अधिक के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। समृद्ध पंडरिया के अपने संकल्प को पूरा करने और जनता की आकांक्षाओं अनुरूप क्षेत्र की प्रगति हेतु यह विकास कार्य महत्वपूर्ण कड़ी हैं। जनता की सुविधाओं का विस्तार एवं क्षेत्र की प्रगति ही डबल इंजन भाजपा सरकार का ध्येय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन में आज हमारा प्रदेश दिन प्रतिदिन उन्नति कर रहा है। सेवा, सुशासन और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं समृद्ध पंडरिया-विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के अपने संकल्प पूर्ति हेतु हम प्रतिबद्ध हैं और डबल इंजन भाजपा सरकार में हर व्यक्ति और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो रहा है। साधन और संसाधन के साथ ही अधोसंरचना निर्माण से हर क्षेत्र की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विकास की यात्रा निरंतर जारी है। इस दौरान नपं पाण्डातराई अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रानी चंद्रवंशी, सरपंच बैजनाथ चंद्रवंशी, उपसरपंच श्रीमती लक्ष्मीन निर्मलकर, रविशंकर चंद्रवंशी, तुषार चंद्रवंशी, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से विकास कार्यो में निरंतर तेजी आई

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि विगत डेढ़ वर्षो में छत्तीसगढ़ में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से विकास कार्यो में निरंतर तेजी आई है। आज हर गांव, वनांचल क्षेत्रों, दूरस्थ अंचलों, हर नगर एवं शहर में विकास के कार्य तेजी से हो रहें हैं, जिससे जनता को सुविधा हो रही है वहीं अधोसंरचना निर्माण कार्यो से प्रदेश की आर्थिक प्रगति भी सुनिश्चित हो रही है। आज हर गांव में पक्की सड़कों के निर्माण से सुदृढ़ एवं बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने से आम जनता को सहूलियत हो रही है। शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से लेकर विकास कार्य धरातल पर दिखाई दे रहें हैं। पूर्ण पारदर्शिता से जनता की समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण हो रहा है, वहीं सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार और प्रशासन खुद जनता के बीच पहुंचकर उनसे संवाद कर रहीं हैं, योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है और समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण कर रही है, यही सही मायने में प्रदेश में सेवा और सुशासन की सरकार को चरितार्थ करता है। मोदी की गारंटी में किए अपने वादों को अक्षरशः पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पूर्ण प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में विकास के यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान क्लिनिक गंगानगर में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**कवर्धा।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज प्रातः 9 बजे से आयुष्मान क्लिनिक गंगानगर में सभी पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला- कबीरधाम**

**ईश्तहार**

अ/2, वर्ष 2024-25 ई कोर्ट नबंर ..........................
क्रमांक/1210/ अ.वि.अ./ प्रवा-2/2025 कवर्धा
दिनांक 13/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण नवघटा को सूचित किया जाता है कि आवेदक झम्मन पिता लाला राम निवास का पता -ग्राम नवघटा तहसील - पिपरिया , जिला -कबीरधाम ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम नवघटा प0ह0नं0 - 08 रा.नि.म. पिपरिया, तहसील - पिपरिया, स्थित भूमि खसरा नम्बर 298/1 रकबा 0.509 हेक्टेयर भूमि को औद्येगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 27.05.2025 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक - 13/05/2025
पेशी तिथि - 27/05/2025

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)


## कवर्धा के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा तीन दिवसीय प्रतियोगिता

# बेसबॉल प्रीमियर लींग प्रतियोगिता चैंपियन बना शार्क बेसबॉल टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा कवर्धा बेसबॉल प्रीमियर लींग प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 मई तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता अयोजित किया गया था, इस प्रतियोगिता मे शार्क, बुल्स, पैंथर्स और ईगल्स बेसबॉल ये चार टीमों के बीच कुल 10 मैच खेला गया, जिसमें लींग का पहला मैच शार्क विरुद्ध ईगल्स के बीच मैच खेला गया, जिसमें शार्क टीम के पिचर प्रवीण साहू के शानदार पिचिंग से शार्क टीम ने ईगल्स को 05-00 हराया वही लींग का दूसरा मैच पैंथर्स विरुद्ध बुल्स के बीच खेला गया जो बहुत ही टक्कर का मुकाबला रहा तीन इनिंग के मैच में दो इनिंग तक दोनों टीमों को स्कोर शून्य रहा वही फिर तीसरे इनिंग में भी पैंथर्स टीम के पिचर हिमेश दास ने अपने शानदार पिचिंग से बुल्स टीम को शून्य में आउट किया और पैंथर्स टीम के डीकेश्वर और हिमेश ने अंतिम इनिंग में शानदार हिटिंग करके टीम को 01-00 से विजेता रहा। इसी तरह तीसरा मैच ईगल्स विरुद्ध पैंथर्स के साथ खेला गया, जिसमें पैंथर्स टीम ने ईगल्स को 05-04 से हराया साथ ही साथ लींग चौथा मैच बुल्स विरुद्ध शार्क के बीच खेला गया, जिसमें बुल्स की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से शार्क को 03-02 हराया पांचवां मैच पैंथर्स विरुद्ध शार्क के बीच खेला गया, जिसमें शार्क कि टीम ने पैंथर्स को 06-01 से हराकर पहले क्वालीफायर में प्रवेश किया। लींग का अंतिम मैच ईगल्स विरुद्ध बुल्स के बीच खेला गया जिसमें बुल्स की टीम ने 10-04 से ईगल्स की टीम को हराकर क्वालीफायर मैच में जगह बनाया। पहला क्वालीफायर मैच शार्क विरुद्ध बुल्स के बीच खेला गया जिसमें शार्क कि टीम ने अपने अच्छे प्रदर्शन से बुल्स टीम को 09-00 से हराया और सीधे ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किया, वही एलिमिनेटर मैच पैंथर्स विरुद्ध ईगल्स के बीच खेला गया जिसमें ईगल्स की टीम ने पैंथर्स को 05-01 से हराकर दूसरे क्वालीफायर मैच में प्रवेश किया। वही दूसरा क्वालीफायर मैच बुल्स और ईगल्स के बीच खेला गया, जिसमें बुल्स टीम ने ईगल्स को 04-03 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें फाइनल मुकाबला शार्क और बुल्स टीम के बीच हुआ जिसे शार्क टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुल्स टीम को 11-01 से एक तरफा मात दिया और कवर्धा बेसबॉल प्रीमियर लींग चैंपियन का खिताब अपने नाम किए फाइनल मुकाबले में शार्क टीम से रवींद्र, प्रवीण, मुकेश ठाकुर, बीरू बाघ, प्रिंस सिंह और छत्रपाल ने शानदार प्रदर्शन किया। वही दूसरे स्थान पर बुल्स टीम रही तीसरा स्थान ईगल्स टीम और चौथा स्थान पैंथर्स टीम रही। वही अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी के बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों के साथ-साथ रायपुर से बीरू बाघ, गौरव डहरिया, दीपक, ओम, बीरेंद्र, दुर्ग से पी आशीष, संतोष यादव, सुशांत, बेमेतरा से किशन माण्डले, प्रिंस सिंह, कोमल, चोवा, विकास, कमल यादव मुंगेली जिले से उमाशंकर साहू, मोहगांव से संजय मीरे और बीरेंद्र टंडन कुल 16 खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे, जिसमें सात खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके है जिन्होंने इस प्रतियोगिता में अपना अनुभव साझा किया।

# दामापुर क्षेत्रवासियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



भारतीय जनता पार्टी द्वारा 13 से 23 मई तक देश भर में तिरंगा यात्रा अभियान चला रही है, 10 दिन चलने वाली इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मकसद हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को हर नागरिक तक पहुंचाना है। बीजेपी इस कैंपेन के जरिए जनता को यह बता रही है है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कैसे अपने नागरिकों को संकट से बाहर निकाला एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया। भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, कुण्डा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के आदेशानुसार दामापुर व क्षेत्रवासियों ने तिरंगा यात्रा रैली की शुरुआत जय स्तम्भ के पास से शुरू की गई एवं मुख्यमार्ग से होते हुए नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने कहा की भारत के वीर सैनिकों द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के बाद पूरे देश का गौरव विश्व में बढ़ा है, आज पूरा देश सेना के पराक्रम को सलाम कर रहा है। श्री यदु ने कहा की भारतीय सेना के हौसले और शौर्य की गाथा को पूरा विश्व सेल्यूट कर रहा है, भारत पर नजर उठाने वाले को इस बात की ज्ञान होना चाहिए की यह आज का भारत है घर में घुसकर मारती है पूरे विश्व को अपना कुटुम्ब समझने वाला भारत अपने कुटुम्ब की रक्षा कैसे करनी है ओ अच्छे से समझती है हमें अपने सैनिकों पर गर्व है। भारतीय सैनिक हमारे देश की शान है सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान की नींद हराम करते हुए बड़ा नुकसान पहुंचाया है एवं पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लिया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि यदि पाकिस्तान गोली चलाएगा तो भारत उसका जवाब गोले से देगा भारत अब पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेगा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। कोदवा कला सरपंच व भाजपा कुण्डा ब्लॉक उपाध्यक्ष संतोष ध्रुवे ने कहा की हमारा भारत देश अहिंसा को मानने वाला देश है हम किसी को छेड़ते नहीं और कोई हमें छेड़े तो फिर उसको छोड़ते नहीं ये दुनियां जब तक रहेगी भारतीय सैनिकों का गाथा सदा गाया जाएगा। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा के वरिष्ठ शेखर सिंगरौल ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है सेना का जोश जज्बा उच्च स्तर पर पहुंच चुका है भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों को तबाह किया।

इस तिरंगा यात्रा में मुख्यरूप से अश्वनी यदु , संतोष ध्रुवें, बहादुर खान, विनोद साहू, विश्राम यादव, शेखर सिंगरौल, ललित साहू, अनिल यादव, राधे मल्लाह, फिरोज खान, दशरथ, जमील खान, टिकाराम सिंगरौल, दादू राम साहू, रामभरोस साहू, केदार यादव, दुर्गेश यादव, मुकेश यदु सहित समस्त पंचगण बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

**खबर संक्षेप**

## सर्व सेन नाई समाज के भवन का लोकार्पण

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को कवर्धा में जिला सर्व सेन नाई समाज भवन का विधिवत लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भवन परिसर में पहुंचकर फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया और समाज के वरिष्ठजनों एवं आम नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में सर्व सेन समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज की एकता, संस्कृति और सामूहिक चेतना का प्रतीक होता है। यह भवन समाज को संगठित करने, युवाओं को मार्गदर्शन देने और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सभी समाजों की उन्नति और समरसता को प्राथमिकता दे रही है। सर्व सेन समाज का योगदान राज्य के विकास में महत्वपूर्ण रहा है, और यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत करते हुए उनके द्वारा समाज हित में किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

## वार्ड में साफ सफाई के प्रति घोर लापरवाही

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत प्राणखैरा के वार्ड नंबर 7 में साफ सफाई के प्रति घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। यहां नालियों की साफ-सफाई नहीं होने के कारण पर वाड्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ शासन द्वारा लगातार संपूर्ण स्वच्छता अभियान वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत शासन के इस तरह के अभियान से दूरी बनाए हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों की लम्बे समय से सफाई नहीं होने के कारण यहां गंदगी, कूड़ा, करकट अटा पड़ा और नालियों का गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। जिसके कारण वार्डो में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन द्वारा गांव की समुचित साफ सफाई के लिए संसाधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं और फंड़ भी उपलब्ध होता है लेकिन इसका उपयोग पंचायत द्वारा कहां कि जाता है इसका कोई अता पता नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में नियमित साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है।

# भोरमदेव कारखाना के गन्ना किसानों के खाते में 19 करोड़ रुपए हस्तांतरित

- गन्ना किसानों को पेराई सत्र 2024-25 का 87 .65 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों और कार्यक्षमता के कारण भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में किसानों को पेराई सीजन 2024-25 का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। गन्ना किसानों को पेराई सत्र 2024-25 का संपूर्ण गन्ना मूल्य राशि 87.65 करोड़ का भुगतान किया गया है। पेराई सीजन 2024-25 के लिए 28 फरवरी 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को 18.52 करोड़ 315.10 रूपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान जारी कर दिया गया। भुगतान होने से जिले के किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई है। इस वित्तीय वर्ष में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के द्वारा गन्ने के सभी उत्पादकों को निर्धारित राशि का पूरा भुगतान किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत निरीक्षण के कारण रिकवरी में लगातार वृद्धि हो रही है। विगत दो वर्षों में लगातार बढ़ती हुई रिकवरी ने किसानों के लिए अधिक लाभ का रास्ता खोला है, जिससे उन्हें उनकी मेहनत का पूरी तरह से मूल्य मिल रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में इस वर्ष गन्ना उत्पादकों को न केवल तयशुदा दर पर भुगतान मिला, बल्कि भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता ने एक नई मिसाल कायम की है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन ने किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है। इससे जहां किसानों का भरोसा प्रणाली पर और मजबूत हुआ है, वहीं राज्य में सहकारी क्षेत्र की साख भी बढ़ी है। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। इस उपलब्धि पर किसानों ने खुशी जताते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि उनके गन्ने के भुगतान में जो नियमितता आई है, उससे उन्हें बहुत राहत मिली है। अब वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार देख रहे हैं और भविष्य में और बेहतर फसल उगाने की उम्मीद कर रहे हैं।

### किसानों की खुशहाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि किसानों की खुशहाली हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने की कार्यप्रणाली में लगातार सुधार किया जा रहा है। इस वर्ष गन्ना किसानों को समय पर और पूर्ण भुगतान कर एक मजबूत मिसाल पेश की गई है। श्री शर्मा ने कहा कि गन्ना उत्पादकों की मेहनत का पूरा मूल्य उन्हें मिलना चाहिए। कारखाने की रिकवरी दर में हुई वृद्धि किसानों के लाभ में सीधा इजाफा कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार किसानों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी प्रक्रिया और तकनीकी उन्नयन से भुगतान प्रणाली को और मजबूत किया गया है। किसानों की संतुष्टि ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। राज्य में कृषि और सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दे रही है।

### किसानों को हो रहा अधिक लाभ

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन और राज्य सरकार की किसान-हितैषी नीतियों के कारण भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना अब किसानों के लिए एक स्थिर और विश्वसनीय स्रोत बन चुका है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की लगातार प्रयासों ने कृषि उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने में मदद की है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। पिछले दो वर्षों में कारखाने की रिकवरी दर में सुधार हुआ है, जिससे किसानों को गन्ने की बिक्री से अधिक मुनाफा हो रहा है। कारखाने की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और कार्यकुशलता ने किसान समुदाय का विश्वास मजबूत किया है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को हर संभव सहायता दी जाएगी, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना अब किसानों के लिए एक मॉडल बन चुका है। गन्ना उत्पादकों की आर्थिक स्थिति में सुधार से क्षेत्रीय विकास को भी बल मिल रहा है।

**अनदेखी:** सिर्फ सोशल मीडिया में सिमट कर रह गई नो एन्ट्री पर पुलिसिया कार्रवाई

# नपं बोड़ला में सड़क दुर्घटना के इंतजार में शासन-प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासन-प्रशासन और जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के चलते नगर पंचायत बोड़ला का मिलन चौक न सिर्फ बेहद संवेदनशील बन चुका है बल्कि यह दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्र भी है जहां से प्रतिदिन लगभग 200 से अधिक हाईवा वाहन नो एंट्री जोन से होकर गुजर रही है। जिसके चलते कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं आए दिन घट रही है जिस पर प्रशासन कोई सुध नही ले रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल लोगों के जहन में यही उठ रहा है की क्यों पुलिस प्रशासन इन बेलगाम हाईवा और ट्रक चालकों पर कार्यवाही नही कर पा रही है, यह राजनैतिक दबाव है या वजह कुछ और ही है, ये सवाल लोगों के मन में बार-बार उठता है कि आखिर यहां से कहां गायब हो गया जिला कलेक्टर के आदेश वाला बोर्ड जिस पर लिखा था की भारी वाहन प्रवेश निषेध, आदेशानुसार जिला दंडाधिकारी कबीरधाम। बोड़ला नगरवासियों की शिकायत है कि बिलासपुर से आने वाले भारी वाहन कुण्डा थाना क्षेत्र से सारंगपुर चौबट्टा होते हुए सीधे बोड़ला से होकर जबलपुर की ओर जाती है। इस मार्ग पर बोड़ला शराब भट्टी संचालित है जहां सुबह से देररात तक मदिरा प्रेमियों की भारी भीड़ और अवैध चखना दुकान में लोगों का रेला किसी बड़ी दुर्घटना को न्यौता देता प्रतीत होता है। गौरतलब है कि आसपास के दर्जनों गांव का मुख्यालय बोड़ला है जहां ग्रामीणों का आवागमन हर रोज बना रहता है इसके बावजूद हाईवा चालक इसी नो एंट्री में एंट्री कर शासन-प्रशासन के नाक के नीचे से हाईवा दौड़ा रहे हैं । जिनकी रफ्तार नो एंट्री वाले मार्ग में बेलगाम होती है।

### कार्यवाही के आभाव में टोल टैक्स की चोरी



लोगों ने बताया कि यहां शासन के नुमाइंदे ही शासन को राजस्व क्षति पहुंचाने में लगे हुए हैं। यदि भारी वाहन मुख्य मार्ग से आवागमन करें तो मुड़ियापारा स्थित टोल पर टोल भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में वाहन चालक सीधे नो एंट्री में एंट्री कर शासन को चूना लगाकर खुलेआम टोल टेक्स की चोरी कर रहे हैं जो कहीं ना कहीं शासन के लिए बड़ी राजस्व क्षति है जिस पर शीघ्र ही कार्यवाही की जरुरत है। माना जा रहा है कि अगर शासन-प्रशासन इस नो एंट्री पर भारी वाहनो की आवाजाही पर लगाम लगाती है तो न सिर्फ दुर्घटना कम होगी बल्कि अतिरिक्त लाभ शासकीय कोष में आएगा।

### दिखावे की कार्यवाही सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमिति

क्षेत्रवासियों का मानना है कि ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही का ना होना ऐसा प्रतीत होता है मानो थाना क्षेत्र से सीधे इन्हे नो एंट्री में एंट्री देकर आने जाने की खुली छूट या पास जारी कर दिया गया हो। समय-समय पर जिले में पुलिस की कार्यवाही छोटे वाहन चालकों पर की जाती है और सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी किया जाता है ऐसे में प्रतिदिन 200 से अधिक भारी वाहन नियमों की बेखौफ धज्जियां उड़ा रहे है जिस पर कार्यवाही का ना होना नगरवाशियों के मन में कई सवाल खड़े कर रही है। इस विषय पर एसडीओपी श्री कौशिक ने चर्चा में बताया कि कार्यवाही के लिए उचित कदम उठाए जांगे।

# युक्तियुक्तकरण, पूर्व सेवा गणना व क्रमोन्नति पर डिप्टी सीएम से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण, पूर्व सेवा गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन, हाई कोर्ट के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति का जनरल आदेश जारी करने से संबंधित विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सन 2008 में जारी सेटअप के अनुसार युक्तियुक्तकरण में हमे कोई आपत्ति नहीं है। हमारा विरोध सेटअप के विपरीत प्रदेश के सभी प्राथमिक व मिडिल स्कूल में शिक्षक के एक-एक पद समाप्त करने को लेकर है। इससे प्रदेशभर में लगभग 45 हजार शिक्षकों के स्वीकृत पद हमेशा के लिए समाप्त हो जाएंगे, जिससे बुनियादी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगा। प्राथमिक शाला में कक्षा एक से पांच तक पांच कक्षाएं तथा बालवाड़ी की एक कक्षा को मिलाकर कुल छः कक्षाओं को दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे? इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कामर्स के दो में से एक पद को समाप्त किया जा रहा है।

शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन से पहले पंचायत विभाग की सेवा अवधि को जोड़कर 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पुरानी पेंशन देने तथा हाई कोर्ट के डबल बेंच में दिए गए निर्णय के अनुसार दस वर्ष में प्रथम व बीस वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान देने की मांग रखा गया। उपमुख्यमंत्री ने शिक्षकों के मांगों पर तार्किक चर्चा उपरांत सकारात्मक समाधान का भरोसा दिया है।

# पेयजल के लिए बोर में मोटर लगाने की मांग, पार्षदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 12 में पूर्व सें खनन हुए बोर में मोटर पम्प लगाने की मांग को लेकर नगरपालिका परिषद पंडरिया के विपक्षी दल कांग्रेस के पार्षदों व वार्डवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में छाया पार्षद अखिलेश सिंह ठाकुर एवं कांग्रेस नेता ललित देवांगन ने बताया कि वार्ड क्रमांक में इन दिनो पेयजल की भारी किल्लत है जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस वार्ड मे दीपांशु द्विवेदी के घर के पास पेयजल सप्लाई के लिए पूर्व सें एक नया बोर का खनन हुआ है परन्तु नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस बोर में मोटर पम्प लगाने में उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है जिसके कारण नगर पालिका पंडरिया के वार्ड क्रमांक 12 में पेयजल की किल्लत खड़ी हो गई। वार्डवासियों एवं पार्षदों ने अनुविभागीय अधिकारी से वार्ड क्रमांक 12 में पेयजल की समस्या का समाधान कराए जाने तथा पूर्व सें खनन हुए बोर में मोटर पम्प लगाने की मांग की है।




# कांग्रेस की जिला स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा 22 मई को, भूपेश बघेल होंगे शामिल

- ग्राम पोंड़ी से किया जाएगा यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम नेतृत्व में आयोजित की जाने वाली प्रस्तावित संविधान बचाओ यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने तिथि का ऐलान कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कबीरधाम जिले में संविधान बचाओ यात्रा का शुभारंभ 22 मई को किया जाएगा। उन्होने बताया जिला स्तरीय संविधान यात्रा ग्राम पोंड़ी से प्रारंभ की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होगें। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई वरिष्ठ नेता यात्रा में शामिल होकर संविधान यात्रा में अपनी भागीदारी निभाएंगे। श्री साहू ने बताया कि गत 6 मई को इस यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस के संगठन प्रभारी पदम कोठारी की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित की गई थी। जिसमें लिए गए निर्णय के अनुसार यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि यात्रा को सफल बनाने के लिए पहले ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है और सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करते हुए तैयारियों में जुटे हुए है। उन्होने बताया कि कबीरधाम जिले में संविधान बचाओ यात्रा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण में 22 मई को यात्रा जिला स्तर पर होगी, द्वितीय चरण में यात्रा का आयोजन विधानसभा स्तर पर किया जाएगा और तृतीय चरण में जिले के सभी बूथ स्तर में संविधान बचाओ यात्रा निकाली जाएगी और कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी का संदेश लोगों तक पहुंचाएंगे। जिसके माध्यम से केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संविधान के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांग को प्रदान किया श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का सभी विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग ने अपनी तत्परता दिखाते हुए बोड़ला विकासखंड के ग्राम कांपा निवासी श्रीमती सुखबती साहू का आवेदन स्वीकार किया और उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। इसके परिणामस्वरूप, अब सुखबती साहू अपनी सामान्य जीवन की गतिविधियों में और भी बेहतर तरीके से भाग ले सकेंगे और उनकी सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही निःशुल्क सामग्री वितरण से दिव्यांग सुखबती के जीवन में न केवल बदलाव लाया बल्कि उसे अपनी क्षमता का एहसास भी कराया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। हितग्राहियों के अनेक समस्या और मांगों के अनुरूप उन्हें लाभन्वित किए जा रहे है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत श्रीमती सुखबती साहू ने श्रवण यंत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समाज कल्याण विभाग ने सुखबती को श्रवण यंत्र प्रदान कर उन्हें सहायता प्रदान की है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। दिव्यांग का कहना है कि मुझे पहले कई बार यह एहसास होता था कि मुझे सुनने में समस्या है, लेकिन अब यह श्रवण यंत्र मिल जाने से मुझे बहुत राहत मिली है। अब मैं अपने परिवार के साथ बेहतर संवाद कर पाऊंगी और समाज में सक्रिय रूप से भाग ले सकूंगी।



**विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी बिलासपुर में शिविर का किया गया आयोजन**

# सात दिवसीय हिमालय वुड बैज लीडर प्रशिक्षण शिविर में जिले के गाइड केप्टिन शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउटस गाइडस छत्तीसगढ़ द्वारा 12 मई से 18 मई 2025 तक आयोजित सात दिवसीय हिमालय वुह बैज गाइड विभाग लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी बिलासपुर में आयोजित किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के प्रयास से राष्ट्रीय प्रशिक्षण कैंप पचमढ़ी में होने वाली प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित की गई। स्काउटिंग-गाइडिंग का अहम पड़ाव हिमालय बुड बैज में कबीरधाम जिले से गाइड केप्टिन भगवती हठिले शासकीय हाई स्कूल घोंघा एवं गाइड केप्टिन संजू मिश्रा पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कवर्धा ने इस प्रशिक्षण में सफलतापूर्वक भाग लिया। इस शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 41 गाइड केप्टिन व 23 रेंजर लीडर भाग लिए। जहां उन्हें शिविर दिनचर्या अनुसार जागरण, बीपी सिक्स सत्र कार्य में गाइडर के आदेश, बाएं हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार के गांठ, लेसिंग, प्रार्थना, चिन्ह, सैल्यूट, नियम प्रतिज्ञा, एपीआरओ भाग 2 के अनुसार स्काउटिंग जीवन कला के साथ ही प्रैक्टिल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गति के साथ तंबू बनाना, गजट बनाना, बिना बर्तन भोजन बनाना, अनुमान लगाना, महको वैचिंग, प्राथमिक सहायता, लॉग बुक बनाना, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता को जानकारी, नक्शा व निशान के आधार पर गंतव्य तक पहुंचना, संध्याकालीन सत्र में कैंप फायर, आदि कार्यों का लिखित एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण हुई। राज्य और अन्य राज्यों से आए लीडर ट्रेनर, सहायक प्रशिक्षक एवं रेंजर विभाग की लीडर ऑफ कोर्स राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पाण्डेय और गाइड विभाग की लीडर ऑफ कोर्स जेरमिना एक्का, अनिता तिम्मा, पुनिता केवी एस दिल्ली, भावना सिंग आगरा उत्तरप्रदेश, राधिका त्रिवेणी हैदराबाद आंध्रप्रदेश, लक्ष्मी नायक, रोहणी ठाकुर ने सक्रिय भागीदारी निभाकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में अब तक एक एचडब्लूबी स्काउट मास्टर, दो रोवर लीडर, एक रेंजर लीडर है तथा दो एएलटी स्काउट मास्टर एवं एक एलटी स्काउट मास्टर प्रशिक्षक है।



# ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का आभाव

- वर्षाकाल में भुगतनी पड़ेगी ग्रामीणों को गंभीर समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वास्थ्य विभाग की माने तो ग्रीष्म ऋतु और वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के बीच के दिनो में मच्छरों का प्रकोप सार्वधिक होता है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक हो सकता है। इसी सीजन में जीवलेवा बीमारी मलेरिया की भी संभावना सार्वधिक होती है।

यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाता है और मितानिनो तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में घर-घर मलेरिया पीड़ित खोजे जा रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ इस दिशा में ग्राम पंचायतों के दायित्व निर्वहन की बात की जाए तो वह फेल नजर आ रही हैं। कुछ एक ग्राम पंचायतों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई का जरा भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कई ग्राम पंचायतें तो ऐसी है जहां महिनो से साफ-सफाई नहीं की गई है।

जहां नालियां है वे गंदगी तथा कूड़ा करकट से अटी पड़ी हैं और जहां नालियों का आभाव है वहां सड़कों के किनारे, हैण्ड पंप के आसपास तथा आबादी वाले हिस्सों में गंदा पानी भरा पड़ा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि गंदा पानी मच्छरों की वृद्धि के लिए बेहद अनुकूल माना जाता है और यही वजह है कि ग्रामीण अंचलों में मच्छरों का प्रकोप अपने चरम पर है। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब भीषण गर्मी में गंदे पानी भराव की ये स्थिति है तो वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के बाद क्या हाल होगा और मच्छरों का प्रकोप किस हद तक जा पहुंचेगा।

यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में समुचित साफ-सफाई के लिए न सिर्फ संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं बल्कि फंड भी जारी किया जाता है लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा इस फंड और संसाधनों का उपयोग कहां किया जाता है यह इसका कोई अतापता नहीं है। माना जा रहा है कि इस अनदेखी का खामियाजा आने वाले वर्षाकाल में जिले के ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा।